13/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागर विमानन पर दिल्ली घोषणा-पत्र को अपनाने की घोषणा की है। यह घोषणा-पत्र कल नई दिल्ली में दूसरे एशिया-प्रशांत मंत्रीस्तरीय सम्मेलन के समापन पर एकमत से अपनाया गया है। यह घोषणा-पत्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र के नागर विमानन क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग, उभरती चुनौतियों से निपटने और सतत विकास को बढावा देने पर केंद्रित एक व्यापक रूपरेखा है। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस दशक की समाप्ति तक भारत एक अग्रणी विमानन केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ रहा है। आने वाले वर्षों में भारत विश्व के अत्यधिक संपर्क वाले क्षेत्रों में से एक होगा। **000000000000000**

भारत और चीन नियंत्रण रेखा के शेष क्षेत्र से पूरी तरह हटने के अपने प्रयास दोगुना करने और इसकी जरूरत पर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह सहमति **कल** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में पोलित ब्यूरो के सदस्य और केन्द्रीय विदेश कार्य आयोग के निदेशक वांग ई के बीच रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में बनी। यह बैठक सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार ब्रिक्स उच्चस्तरीय अधिकारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक से अलग हुई थी। इस बैठक के दौरान अजीत डोभाल ने कहा कि सीमा क्षेत्रों में शांति और वास्तविक नियंत्रण रेखा के प्रति सम्मान द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आवश्यक है |

000000000000000000

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि केंद्र ने पूर्वोत्तर राज्यों के बजट में तीन गुना वृद्धि की है, ताकि उन्हें देश के अन्य हिस्सों के विकास के साथ तालमेल बिठाने में मदद मिल सके। ये बात श्री पासवान ने गुरुवार को ईस्ट सियांग जिले के रुकसिन में सोलुंग महोत्सव में भाग लेते हुए कहा। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार अरुणाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जरुरतमंद और गरीब लोगों तक पहुंचाने और उन्हें सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रयास करने का आहवान किया।

0000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने आज राजभवन में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात के छात्रों के साथ बातचीत की। आर आर यू के छात्र अरुणाचल प्रदेश में चौदह दिनों के दौरे पर है। दौरे के दौरान छात्रों ने तवांग जिले के वाइब्रेंट वार्डर विलेज जेमीथांग का दौरा किया। छात्रों ने राज्यपाल के साथ तवांग क्षेत्र के विभिन्न वाइब्रेंट गांवों का दौरा करने के अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल ने छात्रों के दौरे के लिए आर आर यू और आई टी बी पी की सराहना करते हुए, आई टी और एम एस एम ई क्षेत्रों में विकसित राज्यों के साथ अधिक छात्र विनिमय कार्यक्रमों का आहवान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए रास्ते खुलेंगे और देश के युवाओं में अरुणाचल प्रदेश के बारे में जागरुकता पैदा होगी तथा सद्भावना मजबूत होगी।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को शिक्षा विभाग से सामाजिक न्याय अधिकारिता और जनजातीय मामलो (एस जे ई टी ए) विभाग को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। चार सितंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, शिक्षा विभाग योजना के सुचारु कार्यान्वयन के लिए सभी फाइलें, लाभार्थी डेटा और संबंधित दस्तावेज एस जे ई टी ए विभाग को सौंप देगा, जो कि मूल विभाग भी है। हालांकि, इसमें कहा गया है कि शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र दो हजार तेईस-चौबीस के लिए छात्रवृत्ति का वितरण पूरा करेगा और एस जे ई टी ए विभाग शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस-पच्चीस से कार्यान्वयन करेगा।

00000000000000000

केंद्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजया पुरम करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने देश को औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्त करने का निर्णय लिया। श्री विजया पुरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मिली जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का देश के स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में अद्वितीय स्थान है। यह द्वीप क्षेत्र कभी चोल साम्राज्य के नौसैनिक अड्डे के रूप में कार्य करता था और आज हमारी रणनीतिक और विकास आकांक्षाओं का महत्वपूर्ण आधार बनने के लिए तैयार है। श्री शाह ने कहा कि यह वह स्थान भी है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पहली बार तिरंगा फहराया था और वह सेल्युलर जेल भी है जहां वीर सावरकर और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संघर्ष किया था।000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिला उपायुक्त विवेक एच पी ने आज हापोली इंडोर बैडमिंटन क्लब में जीरो बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त ने युवा प्रतिभागियों से स्वस्थ जीवन के लिए शिक्षा और खेल के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने को कहा। जिला उपायुक्त जो कि लोअर सुबनसिरी बैडमिंटन एसोसियेशन के मुख्य संरक्षक भी है, ने कहा कि युवा बच्चों को शारीरिक रुप से फिट रहने के लिए कोई न कोई खेल चुनना चाहिए। और बैडमिंटन फिटनेस बनाए रखने के लिए सबसे अच्छे खेलों में से एक है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में लोअर सुबनसिरी, केई पान्योर और पापुमपारे जिलों के अंडर 13 से लेकर सुपर वेटरन पैतालीस वर्ष और उससे अधिक उम्र के लड़के और लड़कियों सहित कुल सत्तर बैडमिंटन खिलाड़ी भाग ले रहे है।

0000000000000000000

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कवर सभी पात्र वरिष्ठ नागरिक को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले व्यक्ति योजना के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। इसमें आशा जताई गई है कि योजना एक सप्ताह के भीतर चालू हो जानी चाहिए। यह एक एप्लिकेशन-आधारित योजना है और लोगों को पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। पोर्टल पर फेस ऑथेंटिकेशन की सुविधा उपलब्ध होगी जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक निर्दिष्ट लिंक होगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल तीन हजार 437 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना के तहत किसी भी आय वर्ग में शामिल 70 वर्ष और अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दे दी।

0000000000000000

भारतीय खादय सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को त्यौहारो के दौरान मिलावटी मिठाई और दुग्ध उत्पाद बनाने और बेचने वालों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि इन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए समय समय पर औचक जांच भी की जानी चाहिए। प्राधिकरण ने सुझाव दिया है कि जहां खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा जांच के लिए **फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स** जैसे वैन उपलबध हैं, उन्हें प्रमुख बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तैनात किया जाना चाहिए।

0000000000000000